भूपिन्द्र एस. भल्ला, भा.प्र.से.
Bhupinder S. Bhalla, IAS
प्रशासक
ADMINISTRATOR

सत्यमेव जयते

संघ प्रदेश दमण एवं दीव और
दादरा एवं नगर हवेली,
सचिवालय, मोटी दमण-३९६ २२०
Union Territories of Daman & Diu
and Dadra & Nagar Haveli,
Secretariat, Moti Daman, Daman-396 220
Tel.: (0260) 2230700 / 2230770 / 2642777
FAX : (0260) 2230775 / 2642702
Email : administrator-dd-dnh@nic.in

बुजुर्ग सम्मान सप्ताह

1-7 अक्तूबर, 2013

सं दे श

राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर मैं सभी वरिष्ठ नागरिकों का अभिनंदन करता हूँ और उन्हें बधाई देता हूँ । वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए प्रत्येक वर्ष 01 अक्तूबर को राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया जाता है । इस दिन समाज के प्रति वरिष्ठ नागरिकों के योगदान की सराहना की जाती है ।

समाज के सकारात्मक विकास में वरिष्ठ नागरिकों की भूमिका अहम होती है और उनके मार्गदर्शन और आशीर्वचनों से ही हमारे समाज और देश उन्नति के पथ पर अग्रसर होता है ।

इस वर्ष दिनांक 01.10.2013 से 07.10.2013 तक **'वरिष्ठ नागरिक सप्ताह'** मनाया जायेगा और इस दौरान उन्हें विशेष आधार कार्ड कैम्प, स्वास्थ्य संबंधी कैम्प, नेत्र चिकित्सा कैम्प आयोजित किये जायेंगे । सभी वरिष्ठ नागरिकों से अनुरोध है कि इन सुविधाओं का लाभ उठायें । इस वर्ष विद्यार्थियों के दादा-दादी एवं नाना-नानी उनके शिक्षण संस्थानों में जाकर शिक्षकगण एवं बच्चों के साथियों से मिल सकते हैं । हम यह भी आशा रखते हैं कि इस तरह बहुत से सम्मानित बुजुर्ग अपने भी नये मित्र बना सकेंगे ।

हम सभी को वरिष्ठ नागरिकों के प्रति और अधिक संवेदनशील बनने और उन्हें समुचित सम्मान देने का निश्चय करना है ।

शुभकामनाओं सहित ।

भूपिन्द्र भल्ला

भूपिन्द्र एस. भल्ला
प्रशासक